भवन निर्माण विभाग

भवन निर्माण विभाग को संलेख ज्ञापांक–9809 दिनांक–08.11.2017 में सम्मिलित प्रस्ताव मंत्रिपरिषद् की बैठक दिनांक–07.11.2017 में मद संख्या–14 के रूप में सम्मिलित किया गया। बैठक की कार्यवाही के अवतरण के साथ आपकी संचिका लौटायी जाती है।

14	भवन निर्माण विभाग के अंतर्गत निरूपण उपभाग के लिए गैर योजना मद में ₹ 34,56,000/–(चौंतीस लाख छप्पन हजार रूपये) के अनुमानित वार्षिक व्यय पर Design Support Unit के गठन सहित संविदा आधारित आवश्यक पदो अर्थात सहायक अभियंता के कुल 08 (आठ) पदों का सृजन।	14. स्वीकृत।

7.11.17

(उपेन्द्र नाथ पाण्डेय)
सरकार के विशेष सचिव
मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग

8/11

8/11/17

EO (R10)
श्री नीरज जी
8.11.2017

कृपया दिनांक - 07.11.2017 को सम्पन्न राज्य मंत्रिपरिषद् की बैठक की कार्यवाही का उपर्युक्त संकलित अवतरण प्रस्तुत है।

मद संख्या - 14 के रूप में शामिल भवन निर्माण विभाग के अन्तर्गत निरूपण उपभाग के लिए गैर योजना मद में ₹ 34,56,000/- (चौंतीस लाख छप्पन हजार रुपये) के अनुमानित वार्षिक व्यय पर Design Support Unit (DSU) के गठन सहित संविदा आधारित आवश्यक पदों अर्थात सहायक अभियंता के कुल 08 (आठ) पदों के सृजन के प्रस्ताव में स्वीकृति प्रदान

की गई है।

तद्नुसार में निर्गत होनेवाले शब्दादेश का इंगित प्रारूप अनुलग्नक सहित पत्रावार भाग पर संलग्न है। कृपया निर्गत आदेश को प्रधान सचिव से अनुमोदन प्राप्त किया जा सकता है।

प्रशासी पदा०

13.11.2017

पूर्व पृ०6 पर राज्य मंत्रि. परिषद की दि 07.11.2017 को सम्पन्न बैठक की कार्यवाही में वर्णित अनुमोदन के रूप कृपया अनुवर्ती आवश्यक टिप्पणी देखी जाए।

तदालोक में शब्दादेश प्रारूप सानुलग्नक पत्रावार भाग पर संलग्न है जिस पर कृपया प्रधान सचिव महोदय का अनुमोदन प्राप्त किया जा सकता है।

कृपया।

13.11.2017

संयुक्त सचिव

कृपया अनुमोदनार्थ।

प्रधान सचिव

14/11/2017

रवि शंकर चौधरी

प्र० पदा०

16/11/2017

रवि शंकर चौधरी

श्री नीरज जी
17.11.2017

17.11.2017

शब्दादेश सं०:- 1027 दिनांक:- 20.11.2017

अनौपचारिक रूप से परामर्शित

पत्रांक–भवन / स्था0–02–विविध–911 / 2017 10279 (अ)

बिहार सरकार
भवन निर्माण विभाग

सेवा में,

महालेखाकार, बिहार
वीरचन्द पटेल पथ, पटना।

द्वारा:– **वित्त विभाग।**

विषय:– भवन निर्माण विभाग के अंतर्गत निरूपण उपभाग के लिए गैर योजना मद में ₹ 34,56,000 / – (चौंतीस लाख छप्पन हजार रूपये) के अनुमानित वार्षिक व्यय पर Design Support Unit के गठन सहित संविदा आधारित आवश्यक सहायक अभियंता के कुल 08 (आठ) पदों का सृजन।

पटना दिनांक– 20.11.17

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि राज्य मंत्रिपरिषद् की दिनांक–07.11.2017 की बैठक में मद संख्या–14 के रूप में भवन निर्माण विभाग के अंतर्गत निरूपण उपभाग के लिए गैर योजना मद में ₹ 34,56,000 / – (चौंतीस लाख छप्पन हजार रूपये) के अनुमानित वार्षिक व्यय पर Design Support Unit के गठन सहित संविदा आधारित आवश्यक सहायक अभियंता के कुल 08 (आठ) **(यथा परिशिष्ट–1)** पदों के सृजन की स्वीकृति प्रदान की गई है।

2. इन कार्यालयों / पदों के स्थापना व्यय (वेतन एवं अन्य इकाई / कार्यालय व्यय सहित) का वहन गैर योजना मद अंतर्गत माँग सं0–03 के अन्तर्गत मुख्य शीर्ष–2059–लोक निर्माण कार्य–उप मुख्य शीर्ष–80–सामान्य–लघु शीर्ष–001–निदेशन और प्रशासन–उप शीर्ष–0001–निर्देशन–विषयशीर्ष –28–व्यवसायिक सेवाएँ–0001.28.02 संविदा सेवाएँ विपत्र कोड–03–2059800010001 से किया जाएगा।

3. स्थापना व्यय की निकासी हेतु संबंधित कार्यालय प्रधान (अधीक्षण अभियंता) निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी होंगे।

4. इस राज्यादेश के अन्तर्गत राशि की निकासी संबंधित कोषागार, बिहार से की जाएगी।

अनु0–यथोक्त।

विश्वासभाजन,

(रवि शंकर चौधरी)
सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक:– 10279 (अ) पटना, दिनांक:– 20.11.17

प्रतिलिपि:– कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, विश्वेश्वरैया भवन, बेली रोड, पटना को अनुलग्नक सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक:– 10279 (अ) पटना, दिनांक:– 20.11.17

प्रतिलिपि:– प्रधान सचिव / सचिव, वित्त विभाग / मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग / सामान्य प्रशासन विभाग / माननीय मंत्री के आप्त सचिव / प्रधान सचिव के प्रधान आप्त सचिव, भवन निर्माण विभाग / अपर सचिव / संयुक्त सचिव / अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग / निदेशक, अनुश्रवण–सह–मूल्यांकन कोषांग / सभी मुख्य अभियंता / सभी उप सचिव / सभी अवर सचिव / मुख्य वास्तुविद / सभी अधीक्षण अभियंता / सभी कार्यपालक अभियंता / प्रभारी पदाधिकारी (निगरानी) / सभी प्रशाखा पदाधिकारी / बजट प्रशाखा (मु0) एवं आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग को अनुलग्नक सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के संयुक्त सचिव।

परिशिष्ट–1

न निर्माण विभाग के अन्तर्गत निरूपण उपभाग के लिए Design Support Unit के गठन एवं सृजन हेतु प्रस्तावित संविदा आधारित आवश्यक पदों की विवरणी, व्यय विवरणी एवं कार्यक्षेत्रः–

ाँग सं0–03 के अन्तर्गत मुख्य शीर्ष–2059–लोक निर्माण कार्य–उप मुख्य शीर्ष–80–सामान्य–लघु शीर्ष–001–निदेशन और प्रशासन–उप शीर्ष–0001–निर्देशन–विषयशीर्ष–28–व्यवसायिक सेवाएँ–0001.28.02 संविदा सेवाएँ विपत्र कोड–03 2059800010001

क्र0 सं0	पदनाम	संविदा आधारित नियुक्ति हेतु आवश्यक न्यूनतम योग्यता एवं अनुभव	प्रस्तावित पदों की संख्या	संविदा में निर्धारित वेतन	वार्षिक व्यय	अभ्युक्ति
1		2	3	4	5	14
1	सहायक अभियंता	मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से स्नातक अभियंत्रण की डिग्री, AUTO CAD & STAAD Pro./ETABS or Similar Software पर कार्य का अनुभव।	08	₹ 30,000/– प्रतिमाह	कुल = 8 X 12 X ₹ 30,000/– = ₹ 28,80,000/–	1. भवन निरूपण अंचल सं0–1 के Design Support Unit-1 के लिए–04 पद एवं 2. भवन निरूपण अंचल सं0–2 के Design Support Unit-2 के लिए–04 पद।

स्थापना व्यय = ₹ 28,80,000/–
कार्यालय व्यय = ₹ 5,76,000/–
@ 20%
कुल योग = ₹ 34,56,000/–
(चौंतीस लाख छप्पन हजार रूपये)

(रवि शंकर चौधरी)
सरकार के संयुक्त सचिव।